ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

पत्रांकः 317 /छात्रवृत्ति/भा0वि0वि0/2024 दिनांकः 29/08/2024

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 में राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही दशमोत्तर छात्रवृत्ति एव शुल्कप्रतिपूर्ति हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित वेबसाइट http://scholarship.gov.up.in पर दिनांक 12 नवम्बर, 2024 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। विद्यार्थी आवेदन पत्र की हार्डकापी वांछित अभिलेखों के साथ दिनांक 18 नवम्बर, 2024 तक प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर स्थित छात्रवृत्ति कार्यालय में पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किया जायेगा जिसके लिये छात्र/छात्रायें स्वंय जिम्मेदार होंगे। यह भी अवगत करना है कि **प्रथम चरण में विश्वविद्यायल में संचालित बी0फार्मा,बी0टेक/बी0ई,एम0टेक,एल0एल0एम0,एम0बी0ए0,एम0सी0ए0एवं पीएच0डी0** पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथेन्टिकेशन एटेन्डेन्स सिस्टम के माध्यम से संपादित करायी जानी है, जिसके उपरान्त राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थित के आधार पर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य की जायेगी।बायोमैट्रिक ऑथेन्टिकेशन के द्वारा छात्र/छात्राओं की आने जाने की 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करनी अवश्यक है।

(डॉ0 मोहम्मद अकमल)
नोडल अधिकारी–छात्रवृत्ति।

पृष्ठांकनसंख्या एवंदिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वैयक्तिक सहायक को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, भाषा विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियन्त्रक।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
5. उप कुलसचिव।
6. समस्त संकायाध्यक्षा/समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी/प्रभारी निदेशक को इस आशय से प्रेषित है कि वे अपने स्तर से भी छात्र– छात्राओं को सूचित करन का कष्ट करें।
7. समस्त छात्रवृत्ति प्रभारी।
8. वेबमास्टर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
9. समस्त सूचना पटल (पुरुष एवं महिला छात्रावास)।
10. गार्डफाईल।

नोडल अधिकारी–छात्रवृत्ति।